इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

समाधान की समस्या या समस्या का समाधान



भैया! आप खामोश बैठे हैं? इतने दिनों बाद मिले और यह सन्नाटा कैसा भैया? मैं सोच रहा था चोरी ऊपर सीना जोरी करते लोगों की क्या सजा होनी चाहिए? न्याय करने वाले अगर एक पक्षीय हो जाए तो? सभा चलाने वाले मुर्गी की तरह अपने चूजों को पंखों के नीचे छिपाकर औरों पर चोंच और नाखूनों भरे पैर चलाए तो क्या करना चाहिए? कभी भी शांत भाव से बातें न करने वाले बहुत बड़े नेता को क्या करना चाहिए? सिर्फ नेतृत्व संभालने को इच्छुक विपक्षियों को क्या कहकर संबोधित किया जाय? देश भर में धर्मनिरपेक्षता की धज्जियां उड़ाते सारे धर्मों के कट्टर लोगों को क्या किया जाए? गोटियां बिछाकर अपना उल्लू सीधा करने वालों के साथ क्या सलूक किया जाए? भैया! आप तो सिद्धार्थ से भी ज्यादा प्रश्न पाले बैठे हैं। उनका उत्तर कब मिले और आप कब गौतम बुद्ध बनेंगे भैया? छोटू! मैं कोई बुद्ध बनने या नेता बनने के लिए नहीं पूछ रहा हूं ये बातें। ये सहज उत्पन्न प्रश्न हैं। मुख्य समस्याओं से, तकलीफों से अलग जनता का ध्यान उनके लिए अदना सी बातों पर ले जाना और बस अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने को हम क्या सही शासक, प्रशासक या पालक कहेंगे?

भैया! आपका कहना बिल्कुल सही है लेकिन हम अपनी तकलीफों और दिक्कतों से ज्यादा किसी हीरो की गिरफ्तारी और रिहाई, मारपीट, संविधान से किसको कितना प्यार है, दूसरों को नीचा दिखाने की व्यस्तता, बकवास से भरे समाचार बस इनमें ही है उनका भरपूर प्यार। रेवड़ियां मिलती रहें, आवारगी संग घूमते रहें, अपराध बढ़ते रहें इनसे पालकों को क्या? उन्हें अपनी कुर्सी, सत्ता, अधिकार और सरकार के प्रति धृतराष्ट्र सा अंधा मोह है। ऐसे में इन सबका समाधान करने की फुर्सत और चाहत किसमें है भैया।

सही कहते हो छोटू! इतिहास बदल रहे हैं पुराने नामों को बदलकर, भूगोल बदल रहे हैं स्थानों के नए नामकरण कर, अब बचा नागरिकशास्त्र जिसके तहत अब मनु चरित्र के रूप में बदलने जा रहे हैं संविधान। पहले ही बदल लिए इंडियन पीनल कोड (आई पी एस) को भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) में। सिर्फ मन माफिक बदलाव जारी है। बाकी सब महंगाई और बेरोजगारी है जिस पर ध्यान जाना मुश्किल है।

भैया। कुछ तो उपाय होगा? कोई तो समाधान होगा?

है क्यों नहीं? मतदान कितने प्रतिशत लोग करते हैं? कितने प्रतिशत से लोग जीतते हैं? सोचने की बात है। नोटा का उपयोग कर क्या नेताओं को उनकी औकात याद नहीं दिलाया जा सकता?

शिव सिटी में 35 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी बनेगी, 7.80 करोड़ होंगे खर्च

इंदौर । शिव सिटी और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए 7.80 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां 35 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी बनाई जाएगी। इसके साथ ही 30 किलोमीटर लंबी जल वितरण पाइपलाइन बिछाने और 2,750 घरेलू जल कनेक्शन विकसित करने की योजना है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने टंकी निर्माण का भूमिपूजन किया। परियोजना के तहत टंकी निर्माण पर 3.50 करोड़ रुपए और पाइपलाइन बिछाने पर 4.30 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा 'बबलू' ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य शिव सिटी और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करना और घरों तक पेयजल सुविधा पहुंचाना है। टंकी, पाइपलाइन और घरेलू जल कनेक्शनों का काम पूरा होने के बाद क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। इससे स्थानीय रहवासियों की जल संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य अभिषेक 'बबलू' शर्मा, पार्षद भरत सिंह रघुवंशी, प्रशांत बड़वे, लक्ष्मी वर्मा, गौतम शर्मा, घनश्याम शेर और कपिल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर किया याद

इन्दौर । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो के विधायक रमेश मेंदोला ने आज राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती पर जावरा कंपाउंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजपथ से निकलकर लोकपथ को अपना जीवन समर्पित करने वालीं राजमाता विजयाराजे सिंधिया का सम्पूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कारों, राष्ट्रहित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनका त्याग, सेवा, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनका जीवन हमें राष्ट्रसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

तार फेंसिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद

इंदौर । जमीन के वैध सीमांकन और तार फेंसिंग को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, इसके चलते मारपीट हो गई। राऊ पुलिस ने बताया कि रंगवासा के शिव चौक निवासी सुनील पिता राधेश्याम सिंघवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका खेत रंगवासा क्षेत्र में स्थित है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गत तहसीलदार के आदेशानुसार उनके खेत का आधिकारिक सीमांकन किया गया था, जिसके बाद उन्होंने अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए बाउंड्री पर तार फेंसिंग करवाई थी। इसी बात से नाराज होकर उनका खेत पड़ोसी संतोष ने सीमांकन और तार फेंसिंग का विरोध करते हुए फरियादी सुनील सिंघवी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने उसे गालियां देने से मना किया, तो आरोपी और आक्रामक हो गया।

12 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। पुलिस उपायुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत सघन चेकिंग व धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।12 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान भैरव मंदिर के सामने, किला मैदान रोड इंदौर पर एक संदिग्ध अल्टो कार खड़ी दिखाई दी। टीम द्वारा घेराबंदी कर कार में बैठे दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना नाम समीर पटेल एवं आबिर उर्फ आबिद अली बताया। संदेहास्पद लगने पर तलाशी लेने पर कार के डैशबोर्ड बॉक्स से 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। 12 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं प्रयुक्त अल्टो कार को विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना अपराध शाखा इंदौर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 164/2026, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से नशे के मुख्य स्रोत तथा नेटवर्क के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

पर्व व त्योहारों के दौरान महिलाएं निर्भीक होकर करें भक्ति

लगातार पेट्रोलिंग करती रहेंगी पुलिस की मोबाइल शक्ति

इंदौर। शहर में महिला संबंधी अपराधो पर नियंत्रण तथा नवरात्री पर्व के दौरान गरबा पंडालों व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओ की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भक्ति स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल सहित शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है।

जो नवरात्री पर्व के दौरान प्रत्येक दिवस भक्ति स्थलों जैसे गरबा पांडाल / भजन संध्या / कन्या पूजन / भंडारा आदि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आसपास तैनात रहेंगी और लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। उक्त शक्ति मोबाइल को 12 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया इंदौर से पुलिस कमिश्नर द्वारा इसमें लगे पुरुष व महिला बल को ब्रीफ कर 15 वाहनों की टीम को रवाना किया गया।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने सभी को ब्रीफ करते हुए बताया कि, महिला अपराधो पर अंकुश लगाने एवं नवरात्री के दौरान महिलाओ के लिए सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ये शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है, जो प्रत्येक एसीपी अनुभाग के अंतर्गत कार्य करेंगी। जिसमे एक महिला उपनिरीक्षक/निरीक्षक प्रभारी, 2 महिला आरक्षक तथा 2 पुरुष आरक्षक सहित, चार पहिया वाहनों पर टीम तैनात रहेंगी, जो क्षेत्र के गरबा पांडाल / भजन संध्या / कन्या पूजन / भंडारा आदि आयोजित धार्मिक कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिन रात्रि के समय लगातार पेट्रोलिंग करती रहेंगी और मनचलों /छेड़छाड़ करने वालों/कार्यक्रम के आसपास नशा करने वालों व रास्तों गलियों पर संदिग्ध दिखने वालो और अवैधानिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखेंगी और उनके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करेंगी। साथ ही वहां उपस्थित लड़कियों व महिलाओं व आयोजक महिलाओं से संवाद भी बनाये रखेंगी और कोई भी समस्या होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। एवं महिलाओं एवं लडकियों के लिए महिला हेल्पलाईन न. 70491-24444 जारी किया गया है जिससे उन्हें कोई समस्या या परेशानी होने पर संपर्क कर सकती है। इस दौरान अति. पुलिस आयुक्त आर. के. सिंह सहित नगरीय इंदौर के पुलिस अधिकारीगण व शक्ति मोबाईल में तैनात महिला एवं पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहें।

वैश्य महासम्मेलन द्वारा संचालित सामाजिक एवं जनकल्याणकारी प्रकल्पों की सराहना

इंदौर। वैश्य महासम्मेलन, इंदौर द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं गुजरात के सुरेंद्रनगर से विधायक श्रीमती वर्षाबेन डोशी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

विशेष रूप से कार्यक्रम के शुभारंभ हेतु पधारीं श्रीमती डोशी का आयोजकों एवं पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वर्षाबेन डोशी ने वैश्य महासम्मेलन के नेतृत्व में संचालित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी प्रकल्पों की सराहना करते हुए संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और समाज को संगठित करने वाले ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री धीरज खंडेलवाल, वैश्य महासम्मेलन इंदौर के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल, युवा इकाई के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हर्ष मेहता, प्रसिद्ध उद्योगपति मनीष सहारा, निर्मल अग्रवाल, राजेश खण्डेलवाल, मीडिया प्रभारी श्री महावीर जैन, वैश्य महामंत्री नितिन माहेश्वरी, अंकुर हेतावल, पुनीत नेमा, सौम्य अग्रवाल उपस्थित रहे।

इन्दौर। नवरात्रि पर बालिका का भव्य श्रृंगार माताजी के रूप में किया गया।

पर्यावरण संरक्षण की ओर नन्हे कदम, हरियाली की नई उम्मीद

इंदौर। बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किंडरबड्स स्कूल में प्राचार्या डॉ. दीपीका हसीजा जी और सामाजिक कार्यकर्ता राम पगारानी जी के सहयोग से सीड बॉल मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. धीरज हसीजा जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस गतिविधि के माध्यम से 100 से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों को बीजों के महत्व तथा हरियाली बढ़ाने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपीका हसीजा जी ने बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी विकसित करने को उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता राम पगारानी जी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना भी समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण स्वरूप है, क्योंकि स्वच्छ और हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल विरासत है।

फैमिली कोर्ट इन्दौर में प्रिंसिपल जज धीरेंद्र सिंह के खिलाफ प्रोटेस्ट किया गया

इन्दौर । फैमिली कोर्ट इन्दौर में प्रिंसिपल जज धीरेंद्र सिंह के खिलाफ इन्दौर अभिभाषक संघ के द्वारा वकीलों के साथ अभद्र भाषा का उपयोग करने उन्हें अपमानित और प्रताड़ित करने के विरुद्ध फैमिली कोर्ट में जज के कोर्ट रुम में घुसकर प्रोटेस्ट किया गया।

संस्था पौरुष इन्दौर के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि वकीलों के साथ अन्याय के इस मुद्दे पर संस्था पौरुष ने वकीलों का समर्थन करते हुए कोर्ट के मेन गेट पर डेमोंस्ट्रेशन किया तथा नारे बाज़ी की गई। दशोरा का कहना है कि अभी तक पुरुषों के साथ कोर्ट रुम में जजों के द्वारा बदतमीज़ी, अपमान , बेइज्ज़ती की जा रही थी, अब ये घटनाएं बढ़ कर वकीलों के साथ हो रहीं हैं जिसका हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। संस्था पौरुष के सदस्यों ने मेन गेट पर ' अगर न्याय की बात है ! हम एडवोकेट्स के साथ हैं !! , मत ज्यादा अभिमान करो ! अधिवक्ताओं का सम्मान करो !! ,न्याय करो, अन्य नहीं !

गर्व करो, अभिमान नहीं !!

तुम मत हम पर अहसान करो !

विक्टिम्स का सम्मान करो !!

नो मी लॉर्ड, नो योर लॉर्डशिप ! ओनली श्रीमान, ओनली महोदय !;

संस्था पौरुष के नारों के परचो को आंदोलनकर्ता वकीलों ने हाथों हाथ लेकर ये सभी नारे लगाए।

चकाचौंध से दूर, आस्था और परंपरा का शुद्ध रूप ढोली तारा 5.0

इन्दौर। अक्सर गरबा पंडालों में लाउड कमर्शियल म्यूजिक और हैवी थीम हावी हो जाती हैं, लेकिन ढोली तारा 5.0 के दूसरे दिन पारंपरिक गुजराती लोक धुनों और गरबा की मूल आत्मा को प्राथमिकता दी गई। एसेंसिया लक्ज़री होटल इंदौर के रेन-प्रूफ पंडाल के नीचे रंग-बिरंगी लाइट्स के बीच जब डांडिया आपस में टकराए, तो वह वाइब किसी बनावटी शो जैसी नहीं, बल्कि बेहद स्वाभाविक और जीवंत थी।

महिलाओं और परिवारों के लिए बना 'सेफ ज़ोन'

अक्सर बड़े आयोजनों में भीड़ के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। इस बार ग्राउंड पर सबसे ऑर्गेनिक फीडबैक सुरक्षा को लेकर मिला। नो मेल स्टैग्स की सख्त पॉलिसी के कारण हुड़दंग का नामोनिशान नहीं था। महिलाएं और युवतियां बिना किसी झिझक के देर रात तक गरबा का आनंद लेती दिखीं। इसके अलावा, ग्राउंड पर बनाया गया 'फ्री किड्स ज़ोन' उन पेरेंट्स के लिए वरदान साबित हुआ जो बच्चों की वजह से खुलकर त्योहार नहीं मना पाते थे।

स्वाद और सेहत: इंदौरी ज़ायके का साफ-सुथरा रंग

गरबा के थका देने वाले स्टेप्स के बाद एनर्जी रीचार्ज करने के लिए फूड कोर्ट पर इस बार कुछ अलग देखने को मिला। एसेंसिया द्वारा मैनेज किया गया प्योर वेज फूड स्टॉल न केवल स्वाद बल्कि हाइजीन के मामले में भी अव्वल रहा। इंदौरी चाट से लेकर रिफ्रेशिंग ड्रिंक्स तक, सब कुछ बहुत ही व्यवस्थित था, जिससे कचरे या गंदगी की समस्या मैदान पर नजर नहीं आई।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सपना पिता महिमाराम भालसे, निवासी एम.जी. रोड, महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) की और से सूचित करने में आता है कि हमारे पक्षकार द्वारा श्री सुनील सुले पिता जगदीश सुले, निवासी रंगवासा इन्दौर, श्री कुलदीप ठाकुर पिता प्रेमसिंग ठाकुर, निवासी पान्दा उमरिया, इन्दौर, श्रीमती प्रीति पति रविन्द्र ठाकुर निवासी रंगवासा, इन्दौर एवं स्नेहा दायमा पिता अजय दायमा, अनिल नगर इन्दौर एवं नितिन नागर पिता सुरेश नागर निवासी ग्राम सनावदिया इन्दौर का दिनांक 10/07/2025 को उनकी ग्राम बड़गोंदा पटवारी हल्का नंबर के खसरा क्रमांक 722/4 रकबा 2.686, 722/3/1/2 रकबा 0.505, 722/1/1/2 रकबा 1.581, 722/3/1/1/2 रकबा 0.505, 722/1/1/2/2 रकबा 0.202 की भूमि का विकास अनुबंध लेख किया था। उक्त विकास अनुबंध लेख की शर्तों का पालन आज दिनांक तक भी उक्त विकास अनुबंध कर्ताओं (द्वितीय पक्ष) द्वारा नहीं किया गया है। अतः हमारे पक्षकार की और से उक्त विकास अनुबंध लेख निरस्त किया जाता है एवं हमारे पक्षकार आज दिनांक से उक्त भूमि के विकास अथवा विक्रय के लिए स्वतंत्र है। सो विदित होवे।

सपना भालसे, मो.नं. 9926777705
अविनाश सैनी (हाईकोर्ट एडव्होकेट)
आफिस : 10 विनोबा नगर, तिलक नगर मेनरोड इन्दौर
मोबाइल नंबर : 9165794000